## खबर संक्षेप

### आज सुबह निकलेगी विशाल जामसांवली पदयात्रा

**पांढुर्ना।** बीते 15 बरसों से यहां गुजरी बाजार स्थित हनुमान मंदिर से जामसांवली पदयात्रा में शामिल होकर हजारों भक्तजन जामसांवली के हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करते है। प्रत्येक वर्ष के अंतिम शनिवार को होने वाली यह विशाल पदयात्रा कल 27 दिसंबर को निकलेगी। इस यात्रा में पैदल यात्रा करनेवालों में पांढुर्ना के ग्रामीण क्षेत्र, और आस पास के ग्रामों के ग्रामीण भक्तजन बडी संख्या में मौजूद रहते है। पदयात्रा का प्रवाह आज इतना विशाल हो चुका है कि इसमें पांढुरना, बैतुल और महाराष्ट्र क्षेत्र के भक्त बडी संख्या में शामिल होते है। विशाल जामसांवली यात्रा को पांढुर्ना जिले में एक प्रमुख उत्सव के रूप में देखा जाता है।

### कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणित दिवस

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में गणित दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गयाउच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय दमुआ में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में गणित दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि जागृत करना तथा भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक योगदान से उन्हें परिचित कराना रहा।कार्यक्रम के अंतर्गत "गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान एवं वैदिक गणित का वैशिष्ट्य" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय गणितज्ञों के योगदान, शून्य की अवधारणा, दशमलव प्रणाली, सूत्रात्मक गणना पद्धति एवं वैदिक गणित की त्वरित और सरल विधियों पर सारगर्भित निबंध प्रस्तुत किए।इस कार्यक्रम का संयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा संयोजक श्री राजकुमार कुशवाहा द्वारा किया गया, जबकि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री नीरज कुमार सल्लाम का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## रात्रिकालीन निकल रहे रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली, अधिकारी मौन?

# कोयलांचल में धड़ल्ले से चल रहा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमुआ



रेत का अवैध उत्खन्न एवम परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा दमुआ कन्हान नदी भैसासूर, हर्रावन, चिकटबर्री नंदन सहित आस पास क्षेत्र के नदी नालो जैसे भरदी भाकरा और अन्य एरिया क्षेत्र नदियो नालो को रेत का अवैध उत्खन्न एवम परिवहन कर रेत माफियाओ नदी नाले को छन्नी कर दिया है और नदी नालो को बंजर बना दिया जिसके कारण नदी नालो में पानी तक दिखाई नही देता है क्योंकि नदी नालो से रेत माफियाओ ने रेत का अवैध उत्खनन एवम परिवहन कर नदियों और नालो को खाली कर दिया पानी तक दिखाई नहीं देता है रेत निलकने से पानी बह जाता है और सुख जाता है। यह तक की नदी नाले में पानी नहीं थमने से पानी में पलने वाले जीव जन्तु मछली तक दिखाई दे रहीं है रेत का अवैध उत्खनन परिवहन कर आस पास क्षेत्र की नदी नालो को खाली कर और बंजर बना दिया गया है।

अब रेत माफियाओं की नजर दूर की नदी नालों में पड़ रही है और दिन हो या रात माफियो के द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। दमुआ, रामपुर, चऊमऊ, एवम कटटा नदी, बिचबेहरी में रेत का अवैध उत्खनन एवम परिवहन बेरोक टोक जारी है तवा, दानवा, कटटा नदी से प्रतिदिन रेत के 30, 40 रोजाना टैक्टर रेत का अवैध उत्खनन एवम परिवहन कर रहे है। छिन्दवाड़ा जिले के अंतर्गत यहा एक भी रेत खदान स्वीकृत नहीं है जबकि बैतुल जिले के अंतर्गत खैरवानी की रेत खदान स्वीकृत है और ट्रक मालिक एक हीं रायल्टी में रातभर रेता की सप्लाई की जाती है ऐसा लगता है कि प्रशासन की मिली भगत से रेता का अवैध उत्खनन एवम परिवहन धडल्ले के साथ चल रहा है।

पुलिस प्रशासन को भी इतनी फुर्सत नहीं कि रात्री कालीन समय पर इन रेत परिवहन करने वाले ट्रक, आईसर, लीलेण्ड वाहनो की चैकिंग कर धर पकड़ कर सके, रेत माफियाओं के द्वार रेत का अवैध उत्खन्न परिवहन बे धड़क किया जा रहा है और भारी पैमाने में रेत सप्लाई की जा रही है। राजस्व विभाग को प्रतिदिन दो से तीन लाख रूपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है फिर भी खनिज विभाग के ऑफिसर अधिकारीगण मौन साधे बैठे हुये है। यदि ऐसा हीं रेत का अवैध उत्खन्न एवम परिवहन का कारोबार चलता रहा तो रेत माफिया के द्वारा सरकार गर्वमेन्ट को राजस्व विभाग को करोड़ो रूपये का चुना लगाने से नहीं चुकेगें। भारी पैमाने में रेत का अवैध उत्खन्न एवम परिवहन करने वालो पर शासन प्रशासन को सिघ्र अभियान चलाकर लगाम प्रतिबंध लगाना चाहिये।

## सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने दिए निर्देश

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई श्री कलम्बे को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाड़ा

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिन्दवाड़ा श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड हर्रई के विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश कलम्बे को विकासखंड हर्रई के शिक्षकों द्वारा डी.ए.एरियर्स, क्रमोन्नति एरियर्स नहीं निकालने, कई शिक्षकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को विगत माहों से वेतन अप्राप्त होने आदि के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार हर्रई को ज्ञापन प्रस्तुत करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। उत्तर प्रस्तुत न करने अथवा समाधानकारक न होने की स्थिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई प्रकाश कलम्बे के विरुध्द सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 में दिये गये निर्देशों के परिपालन में आनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि 24 दिसंबर 2025 को हर्रई विकासखंड के शिक्षकों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्रीजी के नाम से तहसीलदार हर्रई को ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग की गई है कि डी.ए.एरियर्स एवं क्रमोन्नति एरियर्स नहीं निकाला गया है, कुछ शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है, चतुर्थ श्रेणी (दैनिक मजदूरों) को विगत छः माह से वेतन अप्राप्त है, कम्यूटर ऑपरेटरों को विगत अगस्त माह से वेतन प्राप्त नहीं हुआ है, शिवानी सहारे को अप्रैल से जुलाई 2023 तक वेतन भुगतान नहीं हुआ है, संकुल प्राचार्यो से चंदा वसूल किया जा रहा है, एन.पी.एस की राशि का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, आदि अन्य शिक्षकों के लंबित स्वत्वों का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसके लिये रिश्वत मांगी जाती है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई प्रकाश कलम्बे का उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 (3) उपनियम (1) (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसीलिये इस संबंध में उन्हें तत्काल अपना तथ्यात्मक जवाब मय दस्तावेज साक्ष्य के साथ कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## रंगोली प्रदर्शनी में 12 कलाकारों ने दिखाई अपनी क्रिएटिविटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाड़ा



गुजरात सुरेंद्रनगर जिले के लोयाधाम में श्री मुक्तिमुनि महोत्सव और श्री सद्गुरु शताब्दी महोत्सव के तहत लगभग 50 बीघा ज़मीन पर एक शानदार और शानदार कल्चरल एग्ज़िबिशन लगाई गई है।इस रंगोली एग्ज़िबिशन में कुल 12 कलाकारों ने अपनी क्रिएटिविटी दिखाई। जिसमें जिले के युवा कलाकार रजत गढ़ेवाल की रंगोली चर्चा का विषय बनी हुई है विगत दिनों वड़ोदरा के आदित्य ग्रुप के आर्टिस्ट राजेंद्र पुरुषोत्तम डिंडोरकर द्वारा देश के प्रसिद्ध12 कलाकारों को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया था जिसमें मध्य प्रदेश से रजत गढ़ेवाल का नाम भी शामिल किया गया रजत द्वारा स्वामी नारायण और उनके भक्त के मिलन का सुंदर दृश्य को रंगोली के मध्यम से उकेरा गया ये रंगोली को 30 घंटे के अथक परिश्रम से तैयार की गई है जिसमें सोम्य और करुणा का अद्भुत भाव झलक रहा है। एग्ज़िबिशन में हिस्सा लेने वाले कलाकारों में राजेंद्र डिंडोरकर, रजनीकांत अग्रावत,रजत गढ़ेवाल वीरेंद्रसिंह राठौड़, चेतन मोहिते, कलाकारों ने छह फ़ीट गुणा चार फ़ीट की दस रंगोलियां बनाईं। इनमें से आठ रंगोलियां स्वामीनारायण संप्रदाय पर आधारित थीम पर बनाई गईं, जबकि एक रंगोली ऑपरेशन सिंदूर और गरीबी रेखा जैसे सामाजिक मुद्दों पर थी।

## सत्पथ ग्रांड फिनाले सीजन थ्री के पोस्टर का हुआ विमोचन

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में सकल जैन समाज के साथ विधान आमंत्रण कर्ता भैया जी परिवार, मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का क्रम जारी है।विधान के द्वितीय दिवस सकल समाज ने सिद्ध परमेष्ठी भगवन्तों की मंगल आराधना करते हुए उनका गुणगान किया ओर चंबर नृत्य कर अपनी भाव विशुद्धि की। इस अवसर पर ग्रन्थराज समयसार पर आधारित सत्पथ ग्रांड फिनाले सीजन थ्री के पोस्टर का विमोचन किया गया।जिसमें स्थापित सारथी पंडित विपिन शास्त्री नागपुर, जिनेन्द्र शास्त्री, रिमांशु शास्त्री, दिव्यांश शास्त्री जयपुर, अजीत जैन नागपुर, सत्पथ के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन के साथ स्थानीय विद्वान अशोक वैभव, सुरेन्द्र पंकज, विमल जैन, ऋषभ शास्त्री, डॉक्टर विवेक जैन, सचिन जैन सहित बड़ी संख्या में जैन बंधु सम्मिलित हुए।

## पर्यावरण संरक्षण में हो सभी का योगदान, बढ़ते प्रदूषण को कम करने हुआ मंथन



**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर शीतकालीन के दौरान वायु गुणवत्ता मे हो रही गिरावट को द्रष्टि गत रखते हुये आज सुरक्षित करोगे तो भविष्य सुरक्षित रहेगा थीम पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के द्वारा माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे स्थानीय संदीपनी विध्यालय गचरैया मे पर्यावरण प्रदूषण पर संवाद कार्यक्रम किया गया। जड़ों के बगैर वृक्ष में बढ़ोत्तरी नही हो सकती। जड़ों से काटकर कोई भी वृक्ष जीवित नही रह सकता। हमारे लिए हमारी संस्कृति ही हमारी जड़ है और भारतीय संस्कृति की जड़ों में है वन, वृक्ष, पानी, भूमि , याने की पूरी प्रकृति। प्राकृतिक आभा और हरियाली से आच्छादित जैवविविधता की वंसुधरा धीरे धीरे मूल स्वारुप को खोती जा रही है। नदियों का जल अपनी पवित्रता पर अब नाज नही कर सकता।वातावरण में बहने वाली हवा भी प्रदुषण के जहर से दूषित है,जिसका मुख्य कारण वाहनो , खेतो की नरवाई मे आग एवं फेक्ट्रीयो एवं प्लांट की चिमनियों से निकलने वाले जहरीला धूंआ आदि के साथ आरटिकल 51 **A** ,48 **A** एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 जैसे उक्त बातें न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने छात्रो. के बीच कही।

## उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मनाई पं.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

**छिन्दवाड़ा।** उद्यानिकी महाविद्यालय छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रभारी एवं प्रभारी डीन डॉ.शिखा शर्मा ने आज छात्र-छात्राओं को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाते हुए उनके प्रेरणादाई जीवन, विचार और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पं.अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं में छिपी देश प्रेम की जो अलक के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने किस तरह ग्राम सड़क योजना एवं वैज्ञानिक डॉ.अब्दुल कलाम के साथ उन्होंने परमाणु परीक्षण करवाकर देश को परमाणु संपन्न राष्ट्र में शामिल कर दिया था, इस विषय में छात्र-छात्राओं ने अपने वक्तव्य रखें। साथ ही कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत साफ-सफाई की शपथ ली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केंद्र देलाखारी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.आर.एल.राऊत, श्री राकेश वर्मन, श्री प्रकाश सांवले, श्री कालूराम मेडा, श्री नितेश, उद्यानिकी महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष विद्यार्थी, राहे छात्रायें एवं तामिया के विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

## 100वां समापन स्वास्थ्य शिविर बटकाखापा में संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारम्भ हुए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयीजी की जयंती 25 दिसंबर को 100वां समापन स्वास्थ्य शिविर ग्राम बटकाखापा में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन एवं शुभारंभ छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू द्वारा किया गया। आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ.प्रमिला यावतकर के मार्गदर्शन में शिविर में रोगियों का उपचार किया गया। जिसमें होम्योपैथी चिकित्सा से कुल 306 और आयुर्वेद चिकित्सा से 610 रोगियों का उपचार किया गया। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा से कुल 62 सिकल सेल एनिमिया रोगी एवं 29 रोगियों का होम्योपैथी चिकित्सा से 91 सिकल सेल मरीजों का उपचार एवं परामर्श दिया गया।

## पैसा एक्ट को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत कढ़ैया में पेसा ऐक्ट को लेकर ग्राम सभा का आयोजन हुआ,सभा का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना कर की गई,एवं पेसा एक्ट की जानकारी मोबिलाइजर ( मुरली धर उईके)के द्वारा समस्त ग्राम वासियों को विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें निम्न बिंदु थे। जिसमे वन अधिकार सामूहिक दावा ओर व्यक्तिगत दवे पर चर्चा,* तेंदू पत्ता संग्रहण संबंधित चर्चा,* गांव में होने वाले छोट मोटे विवाद का निपटारा ग्राम सभा के द्वारा किए जाए पर चर्चा,. पेसा एक्ट के माध्यम से अपनी रूढ़िगत परंपरा रीति रिवाज को बचाने पर चर्चा,.सरकार के द्वारा चल रही समस्त सरकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई, इस दौरान मुख्य रूप से पेसा ऐक्ट सभा में जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी, मोबिलाइजर, सचिव,रोजगार सहायक, और वन विभाग अधिकारी गण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## वीर बाल दिवस पर शहीदों को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिछुआ

भाजपा मंडल बिछुआ द्वारा नगर परिषद बिछुआ में वीर बाल दिवस पर शहीदों को याद कर नमन किया गया,वरिष्ठ नेता शिवराम चौरसिया ने वचन पत्रक का वाचन किया,भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े ने भी वीर बाल दिवस पर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया,इस दौरान पूर्व विधायक जुन्नारदेव नत्थन शाह कवरेती के कहा की भारत की भूमि वीरों की भूमि है,उन्होंने वीर साहबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को सादर नमन किया। पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती ने कहा कि भाजपा सरकार निरंतर वीरों को याद कर उनका सम्मान बढ़ाने का काम कर रही है,मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित ने कार्यक्रम में आए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक जुन्नारदेव नत्थन शाह कवरेती,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,वरिष्ठ नेता शिवराम चौरसिया,मारुति कोचे,बलवीर डेहरिया,महामंत्री द्वय विजेंद्र सिंह दीक्षित,श्रीमती कीर्ति करमेले, पार्षद श्रीमती झीठों बाई,अनिल कुर्मी,बबलू आरगुड़े,लक्ष्मी मिनोटे,जूनिता कथूरिया,गुड्डा पटेल,घनश्याम पवार मौजूद रहे।

# मैजिक वाहन पलटने से 12 बच्चे घायल

## अमरवाड़ा-चौरई क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



चौरई विकासखंड के ग्राम रामगढ़ में खामी से रामगढ़ जाने वाली एक स्कूल वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। वैन में स्कूल के छोटे छोटे बच्चे मौजूद थे। वैन पलटने से वैन में बैठे लगभग 12 से 15 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### गाड़ी चालक की लापरवाही बनी बच्चों की जान की दुश्मन

जिस वैन से बच्चों को स्कूल लाना ले जाना किया जाता है। यह वेन स्कूल वेन नहीं है। आरटीओ की लापरवाही से इस तरह बिना नियमों को ताक पर रखकर स्कूल संचालक द्वारा इन गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस हादसे के बाद आरटीओ पर सवाल खड़े होते नजर आ रहे है। एक तरफ जिला आरटीओ अधिकारियों द्वारा कहा जाता है कि समय समय पर कार्यवाही की जाती है लेकिन जब इस तरह के हादसे सामने आते है तो हकीकत सबके सामने आ जाती है कि आरटीओ विभाग मात्र कागजों में कार्यवाही को अंजाम देता है। जमीनी स्तर पर आरटीओ विभाग केवल मूकदर्शक बना बैठा है। शुक्रवार को हुई इस घटना के बाद यह सच्चाई देखने को सामने आई।

# सायबर सेल पांढुर्ना की सफलता: 10 लाख से अधिक की ठगी राशि पीड़ितों को लौटाई

## ऑनलाइन धोखाधड़ी के संदेह में 14 लाख रुपये के ट्रांजेक्शन कराए होल्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा





जिला सायबर सेल पांढुर्ना ने वर्ष 2025 के दौरान सायबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंक फ्रॉड एवं सोशल मीडिया से जुड़े मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। सायबर सेल की त्वरित और सतर्क कार्रवाई से अब तक 10 लाख 35 हजार 438 रुपये की ठगी राशि पीड़ितों को वापस दिलाई जा चुकी है। वहीं, सोशल मीडिया एवं अन्य संदिग्ध लेन-देन से जुड़ी शिकायतों में 13 लाख 67 हजार 874 रुपये की राशि संबंधित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के माध्यम से होल्ड कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सायबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभिन्न फर्जी एप्स, ऑनलाइन ठगी एवं अन्य वित्तीय अपराधों पर कार्रवाई करते हुए समय रहते नुकसान को रोका गया। सायबर सेल द्वारा खाताधारकों के बैंकों की नोडल एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर त्वरित निराकरण किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं अति. एसपी नीरज सोनी के निर्देशन में सायबर सेल पांढुर्ना द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को सायबर ठगों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देकर सतर्क किया जा रहा है। स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार तथा काउंसलिंग के माध्यम से युवाओं को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### सायबर टीम का जनजागरण अभियान

सायबर सेल ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से संपर्क से बचें, किसी को भी अपना पिन, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें। अनजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल रिसीव न करें और किसी मित्र द्वारा सोशल मीडिया पर वित्तीय सहायता मांगने की स्थिति में पहले उसका सत्यापन अवश्य करें। साथ ही अनजान लिंक पर क्लिक न करें और एनीडेस्क, टीमव्यूअर व क्विक सपोर्ट जैसे एप्लिकेशन अपने मोबाइल या कंप्यूटर में इंस्टॉल न करें। सायबर अपराध से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### सायबर सेल की सफलता के सूत्रधार

सायबर सेल पांढुर्ना की इन सफल कार्रवाइयों में एसआई अनीता सराठे, आरक्षक अखिलेश हिंगवे, आरक्षक सुरेश उईके सहित अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका रही है।

## गांवों में शूटिंग देखने लोगों में जबरदस्त क्रेज, ग्रामीण अंचल के 300 से अधिक युवक - युवतियों को मिल रहा है रोजगार

# तीन फिल्मों की शूटिंग से गुलजार हुए तामिया-पातालकोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



भैरवी, टारगेट, आडू बुलेट रा...इन तीन तेलगू फिल्मों की शूटिंग इन दिनों जिले के तामिया-पातालकोट क्षेत्र की विभिन्न लोकेशन्स पर चल रही है। इससे अंचल के 300 से अधिक युवक-युवतियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिला हुआ है। तामिया के कई जूनियर कलाकार फिल्मों में काम कर रहे हैं। गांवों में चल रही शूटिंग देखने के लिए आदिवासी अंचल में जबरदस्त क्रेज बना हुआ है और दूर-दूर से लोग शूटिंग देखने आ रहे हैं।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन के संवेदनशील रूख के चलते साउथ फिल्म इंडस्ट्री का रुझान तेजी से तामिया की ओर बढ़ रहा है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदशन में जिला प्रशासन की टीम फिल्म निर्माण में लगी यूनिट को भरपूर सहयोग कर रही है। फिल्म टारगेट के प्रोड्यूसर नईम शेख बताते हैं कि प्रशासनिक तौर पर हमें जबरदस्त सहयोग मिला, फिल्म निर्माण से जुड़ी अनुमतियां और अन्य सुविधायें हमें बेहद आसानी से प्राप्त हो गईं। साथ ही तामिया में जनव्यवहार इतना सादगीपूर्ण और मिलनसार है कि शूटिंग बिना किसी व्यवधान के चल रही है। कोलंबस मल्टीमीडिया फिल्म्स के लाइन प्रोड्यूसर उमर गुल खान तीनों फिल्मों के लाइन प्रोड्यूस हैं, वे बताते हैं कि शूटिंग में करीब 300 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है, जो हमारी प्राथमिकता भी है। फिल्मों की शूटिंग के चलते यहां पर पर्यटन भी बढ़ेगा और युवा वर्ग के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। फिल्म निर्माण से जुड़े श्री आकाश मंडराह और श्री अमन सरवैया ने बताया कि 15 जनवरी तक भैरवी, टारगेट, आडू बुलेट रा इन तीनों फिल्मों की शूटिंग का शेड्यूल है। इसके साथ ही साल 2026 के लिए कुछ नए अपकमिंग प्रोजेक्ट भी तामिया आ रहे हैं। नई फिल्मों में बॉलीवुड और टॉलीवुड दोनों ही शामिल हैं, जिनकी शूटिंग तामिया के साथ पांढुर्णा, छिंदवाड़ा मुख्यालय के आस - पास भी होगी।

### भाजपा ने किया कार्यकर्ता जनआक्रोश रैली का आयोजन, आमसभा, रैली, धरना, नारेबाजी, पुतला दहन सौंपा ज्ञापन

# सौंसर में सियासी संग्रामः विधायक चौरे माफी मांगेः भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडा चेहरे पर गुस्सा और विधायक विजय चौरे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सौसर की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया है।

बीते दिनों पांढुर्णा किसान आक्रोश रैली में विधायक विजय चौरे के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं मोहोड़ परिवार को अवैध धंधों में लिप्त होने का संगीत आरोप लगाया था, इसके बाद से भाजपा कार्यकर्ता और नेता आक्रोशित नजर आ रहे थे।

पांढुर्णा और छिंदवाड़ा जिले के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सौसर पहुंचकर विधायक विजय चौरे के बयान मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान बाजार चौक में आमसभा, नगर में विरोध रैली नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर धरना, पुतला दहन कर ज्ञापन दिया।






### आमसभा में विवादित बयान पर भड़के भाजपा नेता

आमसभा में भाजपा नेताओं ने विधायक विजय चोरे के द्वारा भाजपा नेताओ को देह व्यापार में लिप्त होने के बयान को लेकर जमकर भड़ास निकाली, आमसभा को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, पांढुर्णा जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, पूर्व विधायक रमेश दुबे, संतोष जेन,एड हरीश बत्रा,मोरेश्वर मर्सकोले,राजू परमार,विजय पांडे,अजय सक्सेना,सदन साहू, दर्शन झाडे, आनंद ठाकरे, प्रतिम राउत आदि ने विधायक विजय चौरे को आईना दिखाते हुए कहा की जो अशोभनीय और अमर्यादित बयान मोहोड़ परिवार को दिया है उसके लिए विधायक चौरे ने माफी मांगना चाहिए। कांग्रेस में रहते रहते उनकी बुद्धि शून्य हो गई है उनके मानसिक इलाज की जरूरत है,आज तक राजनितिक जीवन मे कभी भी ऐसा अशोभनीय बयान नहीं दिया परन्तु विधायक चौरे द्वारा इस प्रकार का बयान देकर अपने परिवार ओर काँग्रेस की प्रतिष्ठा छवि को धूमिल कर दी है।आमसभा का संचालन भाजपा नेता राजेंद्र भक्ते ने किया।

### तहसील कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन, जलाया पुतला

नगर भ्रमण कर रैली तहसील कार्यालय नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर पहुंची जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर विधायक विजय चौरे पर कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, इस दौरान लगभग 1 घंटे तक नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग का यातायात अवरुद्ध रहा, गुस्साये भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के सामने विधायक विजय चौरे का पुतला दहन किया, विधायक पर कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, एडिशनल एसपी नीरज सोनी, एसडीओपी प्रियंका पांडे की प्रमुख उपस्थिति में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है।

### निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियों का वितरण



**बिछुआ।** संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश के उप संचालक श्री डा संजीव मिश्रा के आदेश क्रमांक/10/ आयुष मिशन।/25/1234-35 भोपाल दिनांक 24/12/2025 एवं जिलाधिकारी छिंदवाड़ा डॉ प्रमिला यावतकर के आदेशानुसार पत्र क्रमांक/स्था./2025/6094-97 छिंदवाड़ा दिनांक 22/12/2025 के तारतम्य अनुपालनार्थ शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नवेगांव सेनेटोरियम के चिकित्साधिकारीडॉ° राजेन्द्र कुमार राम एवं उनके स्टाफ द्वारा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत नवेगांव कला मेंलगाकर कुल 81 मरीजों जिसमें 41 पुरुष एवं 40 महिलाएँ, को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान कर। निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियों का वितरण कर श्रद्धेय वाजपेयी जी के स्वस्थ नागरिक सशक्त राष्ट्र के दर्शन को जोड़ते हुए आयुषधारित स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के माध्यम से जन आरोग्य चेतना अभियान का आयोजन किया गया।

### 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ



**घोरावाड़ी।** घोरावाड़ी बस स्टैंड स्थित एक निजी विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार से 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधिविधान से कलश यात्रा के साथ की गई, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, वहीं बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुँची। पूरे मार्ग में "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।श्री शिव महापुराण कथा का रसपान करमोहनीबंधी, घोरावाड़ी निवासी सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पंडित हरीश मिश्रा द्वारा कराया जा रहा है। पंडित हरीश मिश्रा महाराज के मुखारविंद से शिव महापुराण की दिव्य कथा का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। कथा के प्रथम दिवस शिव महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति एवं शिव तत्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बैठक, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएँ की गई हैं। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा रहा है।आयोजन को लेकर ग्राम घोरावाड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष उत्साह का माहौल है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के कथा श्रवण हेतु पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कथा का समापन विशेष धार्मिक अनुष्ठानों एवं महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

### श्रद्धापूर्वक मनाया गया वीर बाल दिवस

**जुन्नारदेव।** शहर के वार्ड क्रमांक 8 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। साथ ही शहर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद प्रमोद बंदेवार द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमारे उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद एवं सभापति दीप्तिकांत साहू, पूर्व सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी, वार्ड क्रमांक 11 के केंद्र अध्यक्ष मुकेश बंडेवार राजेश नागवंशी, शिक्षक प्रदीप ठाकुर एवं अजय सोनवंशी शामिल रहे।

## जामसांवली पदयात्रा की पूर्व संध्या पर हुई सनातन गर्जना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल शनिवार 27 दिसंबर को यहां गुजरी बाजार से हर वर्ष के अंतिम शनिवार को निकलने वाली जामसावंली पदयात्रा की पूर्व संध्या पर सरगम टॉकीज में विशाल सनातन गर्जना का आयोजन हुआ। इस समारोह में महाराष्ट्र के प्रखर वक्ता सोपानदादा कनेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के युवा पश्चिमी सभ्यता से आकर्षित हो रहे है, जबकि भारतीय सनातन सभ्यता से बढकर दुनिया में कोई दूसरी सभ्यता नहीं है। पति पत्नी के बीच किस प्रकार संबंध होने चाहिए इस विषय पर भी महाराज ने मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर श्रोताओं ने भी महाराज के विचारों को समर्थन किया। युवाओं में नशे के प्रति बढते आकर्षण को लेकर भी महाराज द्वारा कटाक्ष किया गया। युवाओं को किस प्रकार अपने परिवार एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए, इस पर महाराज द्वारा प्रकाश डाला गया। विशाल जामसांवली पदयात्रा समिति के अध्यक्ष मनोज गुडधे एवं पदयात्रा समिति के सदस्यगण इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस समारोह के अवसर पर विशाल जामसांवली पदयात्रा समिति द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

## काजलवानी में होगा दो दिवसीय बुद्ध धम्म महोत्सव

**सौंसर।** बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर से 31 जनवरी से 1 फरवरी तक बुद्ध धम्म महोत्सव का धम्मागिरी काजलवाणी में आयोजन किया जा रहा है, बुद्ध धम्म प्रचार समिति के प्रमुख के.सोमकुँवर, अध्यक्ष डॉ, वाय,एल, ठवरे, मोरेश्वर रंगारे, श्रीमती लता नागदवने, रेखा शेंडे,माया ढुफारे, शांतकला उपरे ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति की ओर से दो दिवसीय बुद्ध धम्म महोत्सव का आयोजन हो रहा है। आयोजन के दौरान 31 जनवरी को सुबह 10 बजे से बालक बालिकाओं की स्केचिंग पेंटिंग निबंध लेखन भाषण आदि प्रतियोगिताएं होंगी, कार्यक्रम का शुभारंभ भंते विजया मैत्रेय के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान बौद्ध महिला सम्मेलन में अंबेडकरवादी आंदोलन में महिला भागीदारियों की समस्याओं का समाधान पर दीपाली बागडे नागपुर,नम्रता ठवरे,रंजीता प्रज्ञा के द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा, बौद्ध युवा सम्मेलन में अंबेडकरवादी आंदोलन में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा होगी, शाम 5 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुष्का शेंडे के द्वारा संविधान जन जागृति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, दूसरे दिन रविवार 1 फरवरी को प्रोसेसर डॉ रमेश शभरकर, नागेश चौधरी, रविकांत गौतमी,ए गौतमी, के द्वारा बुद्ध पहले अंबेडकर मिशन पर अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे, समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा आयोजन को सफल बनाने के लिए कमेटी की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव ने किया नमन



**जुन्नारदेव।** वीर बाल दिवस के अवसर पर श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के अमर बलिदानी साहिबजादों को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जुन्नारदेव द्वारा कोटि-कोटि नमन किया गया। कार्यक्रम में साहिबजादों के अदम्य साहस, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने साहिबजादों को नमन करते हुए कहा कि देश और धर्म की रक्षा के लिए दिया गया उनका बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। गुरु सिंह सभा के राजपाल सिंह जी ने कहा कि गुरुओं और साहिबजादों का बलिदान सनातन एवं हिंदू धर्म की रक्षा का अमर उदाहरण है। मुख्य वक्ता योगेश साहू जी ने कहा कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा हेतु साहिबजादों का पावन बलिदान समस्त देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम का समापन वीर बालों के जयघोष और राष्ट्रभक्ति के उद्घोष के साथ किया गया। वरिष्ठ नेता राजेश श्रीवास्तव , बंटी अरोरा, गौरव सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, दीप्ति साहू ,प्रमोद बंदेवार,अमित यादव, राजेंद्र सूर्यवंशी, मंडल उपाध्यक्ष शोभा विश्वकर्मा , शशि नामदेव , प्रभा गुप्ता, सीमा पवार,अभिषेक पारे,आदित्य उपाध्याय, अभिषेक चौरसिया सहित भाजपा के नेता, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 18 घंटे बिजली प्रदान करने की मांगः किसान गर्जना संगठन ने सहायक यंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने शुक्रवार कटंगी शहर में रैली निकालकर बिजली कार्यालय पहुंचकर सहायक यंत्री को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें संगठन ने कृषि फीडर को 18 घंटे बिजली प्रदान करने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष राहंगडाले, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप पटले और ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल बिसेन के नेतृत्व में दोपहर 02 बजे स्थानीय विश्राम गृह में संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित किसान एकत्रित हुए। यहां से सभी ने आधा किलोमीटर की पैदल यात्रा निकालकर बिजली कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। फीडर सेपरेशन के बाद कृषि फीडर को 10 घंटे बिजली दी जा रही है। यह बिजली दो अलग-अलग शिफ्ट में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक और रात्रि में साढ़े 12 बजे से सुबह तड़के 04 बजे तक दी जाती है। ऐसे में किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए रात्रि में मोटर पंप चालू करने के लिए खेत जाना पड़ता है। जिससे उनके साथ कई तरह की दुर्घटना होने का खतरा हमेशा ही बना रहता है। पूर्व में कई बार किसानों के साथ अप्रिय घटना घटित हो चुकी है। किसान और किसान संगठन की मांग है कि कृषि फीडर को एक साथ 18 घंटे की बिजली मुहैया करवाई जाए। किसान गर्जना संगठन ने अपने ज्ञापन के जरिए चेतावनी दी है कि अगर 05 जनवरी 2026 तक किसानों की मांग पूरी नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 08 घंटे की बिजली से खरीफ के सीजन में फसल पकाकर तैयार करना मुश्किल नहीं है तो रबी के सीजन में 08 घंटे की बिजली से फसलों की सिंचाई कर फसल पकाना बिलकुल भी संभव नहीं है। वह भी तब जब अलग-अलग शिफ्ट में कृषि फीडर की बिजली मुहैया हो रही है। किसान संगठन ने 18 घंटे बिजली प्रदान करने की मांग रखी है। मौजूदा वक्त में किसान रात में ठंड में खेत सींचने को मजबूर हैं और बार-बार ज्ञापन देकर भी समाधान नहीं मिल रहा है।

## शासकीय महाविद्यालय में मशरूम की खेती पर 7 दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के ईको क्लब व वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा मशरूम पालन पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 18 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 के मध्य किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ सत्यशील गेडाम के संरक्षण, ईको क्लब प्रभारी डॉ त्रिरत्लेश गजभिये के निर्देशन व वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष हेमंत गनवीर के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस 18 दिसम्बर पर डॉ त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को मंच के माध्यम से अवगत कराया गया। जिसमें प्रत्येक दिवस 2 सत्रों सैद्धांतिक व प्रायोगिक में मुख्य अतिथि से परिचय करवाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जे एस बिसेन निदेशक कृषि संकाय सरदार पटेल विश्वविद्यालय डोंगरिया बालाघाट व विषय विशेषज्ञ के रूप में अंकुश बिसेन सहायक प्राध्यापक कृषि विभाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जे एस बिसेन द्वारा मध्य भारत में कृषि के अवसर और चाय की खेती, इनकी विविधता के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। वही अंकुश बिसेन द्वारा पीपीटी द्वारा मशरूम का परिचय, भारत में मशरूम के उत्पादन की स्थिति, प्रमुख किस्में, खेती के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ, खेती के लिए उपयुक्त सामग्री, उत्पादन की विधि, रोग किट प्रबंधन व भंडार विपणन पर विस्तार पूर्वक बताया गया।

द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों को मशरूम खेती हेतु भूसे को उपचारित करने का तरीका व स्पॉन से परिचय कराया गया। अन्य दिनों में डॉ अवधेश सिंग चौधरी विभागाध्यक्ष कृषि संकाय सहायक प्रध्यापक विश्वविद्यालय द्वारा कृषकों की परेशानी व वातावरणीय कारकों के प्रभाव को समझाया गया। डॉ रवि कुमार रज कीट विज्ञानी कृषि संकाय द्वारा मधुमक्खी पालन, इनकी प्रजातियों व रोजगार के अवसरों के बारे में बताया गया।

### नन्हें बालक का शाल श्रीफल से किया सम्मान

## बस स्टैंड में भाजपाईयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, प्रखर वक्ता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के प्रांगण में भाजपाईयों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता निरंजन बिसेन, शैलेन्द्र सेठी, आलोक खरे, जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत, प्रदीप शरणागत, दीप चौहान, समीर बिसेन, बंटी सेन्द्रे, सौरभ टेबू पटेल, पार्षद आशुतोष कोहाड़, प्रकाश बाफना, योगेश व्यास, भोजेंद्र चौधरी, डॉ डीलेंद्र गौतम, शेख दानिश, शशांक डोंगरे, अयान मेमन, धर्मेश तिवारी, छोटू गोखले, शुभम तितरमारे सहित अन्य भाजपाईयों ने पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर भाजपा नेताओं द्वारा एक नन्हें बालक का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता निरंजन बिसेन व भाजपा नगर मंडल पूर्व अध्यक्ष दीप चौहान ने कहा कि अटल जी एक विचार थे। जिन्होंने भाजपा, देश व विश्व को एक नई दिशा दी थी। उनके बताये मार्ग पर चलकर आज भाजपा देश की सत्ता पर बैठ कर देशवासियों के हितों के लिए कार्य कर देश को विकास के पथ पर ले जा रही है। देश के विकास में उनका योगदान कभी भुलाया नही जा सकता है।

## लांजी में अवैध परिवहन पर कार्रवाईः 2 प्रकरण बने रू 51,487 जुर्माना वसूला



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** उपमंडी लांजी में कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध परिवहन पर कार्रवाई की। चेक पोस्ट कुल्पा में दो वाहनों से ₹51,487 का जुर्माना वसूला गया। इन वाहनों पर की गई कार्यवाही *वहन MH35AJ5191 (शिवम सोनवाने, पानगांव): जिसमें परिवहनः लगभग 28 क्विंटल धान (आमगांव, महाराष्ट्र के लिए) ले जाना पाया गया। जिस पर 5,980 का जुर्माना लगाया गया। वही *वहन क्रमांक MP09HH7609 (महासिंह, चंदनवाड़ाकला):जिसमें परिवहन लगभग 348.90 क्विंटल मक्का (एबिस फूड, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ के लिए) ले जाना पाया गया। जिस पर 45,507 जुर्माना किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में निर्देशनः मनीष मरावी (सचिव, कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट) -मार्गदर्शनः कमलचंद्र सिंहसार (अनुविभागीय अधिकारी, लांजी),सहायक उप निरीक्षकः* वासुदेव बढ़ई, नेलचंद बारबुदे, विनोद बंसोड़ का अहम एक योगदान रहा। रूपसिंह रावत (आरक्षक, पुलिस थाना लांजी) सुभाष ऊके (कोटवार, बापडी)- राजेंद्र खोबरागड़े (कुल्पा) - संजय सोनटेके (कारंजा) - राजकुमार खोबरागड़े - सुनील *अपील*व्यापारियों से अनुरोध है कि अधिसूचित कृषि उपजों का परिवहन बिना अनुज्ञापत्र/बिल के न करें।

### दो दर्जन से अधिक ग्रामों में धड़ल्ले से किया जा रहा संचालन

# जंगल व झाडि़यों के पीछे चोरी छिपे सुलग रहे हैं अवैध ईंट-भट्टे



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी तहसील अंतर्गत रिसेवाड़ा, अंधियाटोला, बहेला, पालडोंगरी, बकरामुंडी सहित आसपास के सभी गांवों में अवैध ईंट भट्टों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। संबाधित विभाग के जिम्मेदारों द्वारा कार्रवाई ना किये जाने से भट्टा संचालकों के हौसले बुलंद है। जहां प्राकृतिक संपदा का दुरुपयोग कर पर्यावरण को हानि पहुंचाई जा रही है वहीं शासन को भी राजस्व में नुकसान और चोरी सहनी पड़ रही है। इस समय रिसेवाड़ा और आसपास के सभी गांवों से लगे जंगलों, नदी किनारे आदि में जगह-जगह ईट भ_ सुलगते दिखाई दे रहें हैं जिसकी कोई जांच या कार्यवाही नहीं होती है। प्रशासनिक अमला सीधे तौर पर कार्रवाई न करे इसलिए 25-25 हजार का एक-एक भ_ा तैयार कर के यह अवैध धंधा संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों को इन भट्टो से निकलने वाले जहरीले धुएं का भी सामना करना पड़ रहा है। यह ईंट आसपास के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास जैसे कई निर्माण कार्यों में खपाई जाती है। जिसकी न रायल्टी का पता रहता है न पर्ची का। ईट-भ_ों के मालिक शासन की अनुमति के बिना ईट-भट्टों को संचालित कर रहे हैं और इन ईट भ_ों के मालिकों के पास कोई भी जायज कागज या लाइसेंस नहीं है।

**न लाइसेंस है न प्रदूषण बोर्ड की अनुमति, जंगल भी हो रहे नष्टः** ईंटों को पकाने के लिए भट्टे में लकड़ी व भूसे का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान में मैदानी ईंट भट्टों पर जंगल से काटी गई लकडिय़ों का उपयोग किया जा रहा है। जंगल की लकड़ी का उपयोग ईंट भट्टों में प्रयुक्त होने से ग्रामीण वातावरण तो दूषित हो ही रहा है, साथ ही लोगों में सांस संबंधी बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इन दिनों भट्टों पर काम कर रहे मजदूरों को जंगल में लकड़ी काटते हुए देखा जा सकता है। लांजी क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों के मालिकों ने यह कारोबार करने के लिए माइनिंग विभाग के अलावा स्थानीय पंचायतों से भी अनुमति नहीं ली है। इसके अलावा प्रदूषण बोर्ड से प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है। बावजूद इसके अवैध कारोबारी धड़ल्ले से ईंट भट्टों का व्यापार कर रहे हैं। माइनिंग व राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का भ्रमण नहीं करने से यह कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है।

**कुम्हार समाज संगठन ने की कार्यवाही की मांगः** इस संबंध में कुम्हार समाज संगठन लांजी के अध्यक्ष पवन कश्यप द्वारा क्षेत्र में इस तरह संचालित हो रहे ईंट भट्टो पर कड़ा रोष जताते हुए इन पर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए इन पर रोक लगाने की मांग प्रशासन से की है। उन्होने कहा की कुम्हार समाज के लोगों द्वारा कई दशकों से मिट्टी से दीये, इ्रंट, घड़े और मूर्तियां बनाकर अपना जीवन यापन किया जाता है परंतु क्षेत्र में अन्य समाज के लोगों द्वारा इ्रंट बनाकर उसका व्यवसाय किये जाने से कुम्हार समाज को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इन लोगों के पास प्रशासन से वैध अनुमति भी नहीं है बावजूद इसके यह कारोबार क्षेत्र में तेजी से फल फूल रहा है जो कुम्हार समाज के लिये ठीक नहीं है अतः प्रशासन इस पर त्वरित कार्यवाही करे।

## पालक खेल वर्ष में पालकों व अभिभावकों ने किया अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** चंदोरी वारासिवनी स्थित एक निजी विद्यालय में पालक खेल वर्ष समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों व अभिभावकों ने भाग लेकर विभिन्न खेलों में अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन कर अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस पालक खेल वर्ष समारोह का समापन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा महामंत्री सुनील पिपरेवार के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद धमेन्द्र धरमू जोशी व राहिल खान के विशेष आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय संचालक अब्दुल रब कुरैशी ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद व भाजपा नगर मंडल महामंत्री सुनील पिपरेवार ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य और शरीर को सुदृढ़ रखकर ही श्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त की जा सकती है और इसका सबसे बेहतर माध्यम खेल हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा भी खेलों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे अब खेल के क्षेत्र में कैरियर और रोजगार की असीम संभावनाएं उपलब्ध हैं!

प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती किरण दुबे और खेल प्रशिक्षक गणेश बोधे के कुशल मार्गदर्शन में पालकों के लिए विभिन्न रोचक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। जिनमें मुख्य रूप से चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं में पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पालकों के इस खेल प्रेम को देखकर छात्र-छात्राओं का उत्साह भी दोगुना हो गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अक्षय आचार्य ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए सभी पालकों, शिक्षकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ लखनादौन के चुनाव 8 जनवरी को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अधिवक्ता संघ लखनादौन के चुनाव अधिवक्ता संघ लखनादौन में वर्ष 2026-27 हेतु होने वाले चुनाव का मतदान दिनांक 08/01/2026 को होगा जिसमें निम्न उम्मीदवार द्वारा पदों पर दावेदारी कि गई है उक्ताशय की निम्न जानकारी अधिवक्ता संघ लखनादौन के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री हरीश कुमार जैन एवं सहायक चुनाव अधिकारी श्री सुनील कुमार यादव के द्वारा दी गई। उसमें अध्यक्ष पद हेतु श्री फजील अहमद फिरदौसी, श्रीमति ममता शर्मा, श्री कन्हैया लाल यादव, उपाध्यक्ष पद हेतु श्री विनय कुमार नेमा, श्री मनीष केशरवानी, सचिव पद हेतु श्री अमित यादव, श्री लखन डेहरिया, पुस्तकालय पद हेतु श्री संजीव कुमार शुक्ला, श्री मो0 शहीद खान के मध्य के चुनाव संपन्न होना है इसके अलावा निम्न पदों में सह सचिव पद पर श्रीमति सरिता रजक कोषाध्यक्ष पद में श्रीमति प्रीति गोल्हानी और कार्यकारिणी पदों में श्री अंबिका पटेल, श्री संदीप चौकसे, श्री शिवकुमार चंद्रवंशी, श्री प्रहलाद झारिया, श्री उदय प्रताप सिंह यादव, श्रीमति सविता सिंग ठाकुर, निर्विरोध घोषित किए गए है। अधिवक्ता संघ के चुनाव दिनांक 08/01/2026 को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक संपन्न होकर उसी दिन मतगणना कि जाकर चुनाव परिणाम घोषित किए जावेंगें एवं दिनांक 09/01/2026 को विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ अधिवक्ता संघ में शपथग्रहण कार्यक्रम संपन्न किया जावेगा।

### मृतक पंकज ठाकुर निवासी भैरोगंज की अंधी हत्या का किया सिवनी पुलिस ने खुलासा

# अपने रूपयों को वापस मांगने पर राहुल ठाकुर एवं कमलेश बंदेवार ने रस्सी से गला घोंटकर पंकज ठाकुर की थी हत्या

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व में एवं एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में मृतक पंकज ठाकुर की अंधी हत्या की घटना को अंजाम देने वाले दोनों शातिर आरोपियों को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।**

## दोनों शातिर हत्यारे कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



दिनांक 18/12/2025 को सुबह मुंगवानी रोड सिवनी में निर्माणाधीन मकान में किसी व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर तस्दीक करने पर पाया गया कि मृतक का नाम पंकज ठाकुर निवासी महाराज बाग सिवनी है। जो मौके पर देहाती मर्ग इंटिमेशन लेख किया गया। एवं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। शव के पी.एम. उपरान्त डॉक्टर द्वारा शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट प्रदाय की गयी जिसके अवलोकन एवं परिजनों के कथनों के आधार पर पाया गया कि मृतक की रस्सी से गला घोंटकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पंकज ठाकुर की हत्या कारित की गयी है। जिस पर से असल अपराध क्र. 1001/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उल्लेखनीय है कि घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी में टीमों को लगाया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राहुल ठाकुर निवासी ग्राम गाडरवाडा संदेही ज्ञात हुआ, जो घटना दिनांक 17/12/2025 को मृतक के साथ आखरी बार देखा गया था एवं घटना दिनांक से ही अपना मोबाईल बंद कर अपनी उपस्थिति छिपाकर छिपा रहा था साथ ही पंकज ठाकुर के अंतिम संस्कार में भी उपस्थित नहीं हुआ था। तकनीकी माध्यमों एवं मुखबिरों की सहायता से राहुल ठाकुर को दिनांक 25/12/2025 को दस्तयाब किया गया जिसके साथ उसका एक साथी कमलेश बंदेवार भी मिला।

घटना के संबंध में राहुल ठाकुर एवं कमलेश बंदेवार से सख्ती से पूछताछ करने पर उनके द्वारा स्वीकार करते हुए बताया गया कि दोनों मोबाईल एप के माध्यम से क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने के आदी है। राहुल ठाकुर और पंकज ठाकुर एक दूसरे को बचपन से जानते थे। घटना के एक दिन पहले दिनांक 16/12/2025 को दोनों आरोपियों ने सट्टा खेलन के लिये कमलेश बंदेवार की चांदी की चैन मृतक पंकज ठाकुर के पास रखकर 1,500 रूपये उधार लिये थे जो दोनों आरोपियों ने उन रूपयों का मोबाईल में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाकर हार गये एवं पंकज ठाकुर को वापिस नहीं किये साथ ही।

अगले दिन दिनांक 17/12/2025 को फिर मृतक एवं दोनों आरोपी फुटबॉल स्टेडियम सिवनी के पास मिले जहाँ फिर से कमलेश बंदेवार एवं राहल ठाकुर ने क्रिकेट में सट्टा लगाने के लिये मृतक से 2,500 रूपये मांगे और पंकज को आश्वासन दिया की मैच के बाद रूपये जीतकर पंकज को 3,000 रूपये वापिस करेंगेऔर उसे शराब भी पिलायेंगे। तब पंकज ने कमलेश बंदेवार को फोन पे के माध्यम से 1,700 रूपये ट्रांसफर किये और शराब के लिये 800 रूपये नगद दिये।

शराब लेने के बाद तीनों एडवोकेट राज गोस्वामी के मुंगवानी रोड स्थित निर्माणाधीन भवन में बैठकर शराब पिये। शराब पीने के बाद जब पंकज ठाकुर ने अपने कुल 4,500 रूपये राहुल ठाकुर एवं कमलेश बंदेवार से वापिस मांगे तो दोनों ने रूपये देने से मना कर दिया। जिस बात को लेकर पंकज ठाकुर ने बोला कि दोनों की शिकायत कर कोर्ट कचहरी करवाउंगा। तो राहुल ठाकुर एवं कमलेश बंदेवार ने आवेश में आकर रस्सी से गला घोंटकर पंकज ठाकुर की हत्या कारित कर दी एवं पंकज ठाकुर की हत्या करने के पश्चात दोनों के द्वारा पंकज ठाकुर की पहनी हुई सोने की अंगूठी एवं उसके जेब में रखे 4,500 रूपये निकालना भी स्वीकार किया गया है। जिस आधार पर प्रकरण में धारा 315, 3(5) बी.एन.एस. बढाई गयी है।

दिनांक 26/12/2025 को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मृतक पंकज ठाकुर की सोने की अंगूठी एवं मृतक के पास से निकाले गये रूपयों को बरामद करने एवं प्रकरण से संबंधित अन्य तथ्यों को उजागर करने हेतु दोनों आरोपीगणों का माननीय न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपी- राहुल ठाकुर पिता राजेश ठाकुर उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम गाडरवाडा थाना बंडोल हाल पता भैरोगंज सिवनी

02. कमलेश बंदेवार पिता भरत बंदेवार उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पटपड़ा थाना उमरेठ छिंदवाडा हाल डी.पी. चतुर्वेदी कॉलेज के पीछे सिवनी

**इनकी रही विशेष भूमिका**

थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत, राहुल काकोडिया, उनि. नीरज दुबे (डी.एस.बी.), सउनि जसवंत ठाकुर, सउनि, संतोष बेन, सउनि, देवेन्द्र जैसवाल (सायबर), प्रधान आरक्षक मुकेश, आरक्षक सतीश, सिध्दार्थ, दिलीप, प्रतीक, विनय, महेन्द्र, संतोष, लोकेश, विश्राम, रविन्द्र, रत्नेश, राजेन्द्र, प्रदीप, अंकित, आरक्षक चालक इरफान के साथ थाना प्रभारी परासिया छिंदवाडा एवं अन्य स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।

# क्षत्रीय पवांर समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ संपन्न

**सोनखार। प्रदीप तिवारी।** विगत दिवस 21 दिसंबर दिन रविवार को क्षत्रीय पवांर समाज उगली सर्किल खंड के अंतर्गत ग्राम रुमाल में वार्षिक क्षत्रीय पवांर समाजके सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था,उगली खंड अध्यक्ष भाऊ गौरव बिसेन मोहबर्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष प्रत्येक खंड में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में इस बार ग्राम रुमाल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष और मुख्य अतिथि क्षत्रीय पवांर समाज के जिला अध्यक्ष माननीय हरक चंद्र टेम्भ्रे और खंड अध्यक्ष गौरव बिसेन की उपस्थिति में प्रत्येक उपखंड के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व सचिव और प्रत्येक ग्राम की ग्राम समितियां पुरुष



वर्गऔर महिला वर्ग एवं युवा समीतियों की उपस्थिति इस कार्यक्रम में रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने समाज के प्रति जन जागृति सामाजिक चिंतन उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान सामाजिक कुरीतियों के संदर्भ में परिचर्चा एवं सामाजिक स्तर पर आने वाली विसंगतियों को कैसे अपने समाज में निपटारा किया जाता है, आदि सभी बातों का इस कार्यक्रम में उल्लेख किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा पवांर समाज की कुलदेवी माता गढक्रालिका का पूजन अर्चन कर पवांर समाज के हृदय सम्राट राजा भोज जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, दिनभर के एकदिवसीय कार्यक्रम में निकट जिले बालाघाट के भी पवांर समाज के अध्यक्ष भैया विशाल बिसेन मुख्य अतिथि और पदाधिकारी उपस्थित रहे, क्योंकि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जहां पर प्रत्येक वर्ग हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र और उत्कृष्ट कार्य समाज में करने के लिए पदाधिकारीयों का सम्मान किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम नकल गीत स्वागत गीत पवांरी भाषा में स्थानीय कलाकारों के द्वारा संगीत में प्रस्तुति दी गई।

## सटोरियों पर कोतवाली पुलिस की रेड़ कार्यवाही

# पाँच सटोरी गिरफ्तार, सट्टा पट्टी सहित 4100 रुपये जप्त

**सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो श्रीमान के नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड कार्रवाई की जाती रही हैं, इसी क्रम में एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कर्वे कालोनी दसलागर के पास सिवनी में सट्टा पट्टी लिख रहे 05 सटोरियों को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा। उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 24/12/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि कर्वे कालोनी दसलागर के पास सिवनी में कुछ लोग सट्टा पट्टी लिखकर रुपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का खेल रहे जो तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर दबिश देकर 05 सटोरियों को पकडने में सफलता हासिल हुई जिसमें सटोरियों के पास से नकदी 4100 रुपये एवं सट्टा पट्टी मिलने पर विधिवत जप्त कर 05 प्रकरण सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया। पकड़े गये सटोरियों मे लता कुल्हाडे पति धनीराम कुल्हाडे उम्र 45 वर्ष निवासी भैरोगंज ,धनीराम पिता टेकचंद कुल्हाडे उम्र 52 वर्ष निवासी कर्वे कालोनी, अनखलाल पिता बारेलाल कुमरे उम्र 64 वर्ष निवासी कन्हान पिपरिया थाना कान्हीवाड़ा, संतोष पंचेश्वर पिता रामेलाल पंचेश्वर उम्र 28 वर्ष निवासी परतापुर, सुखराम परते पिता विष्णु परते उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भोमाखेड़ा थाना बंडोल। जप्ती मे 4100 रुपये एवं सट्टा पट्टी। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, प्र. आर. मुकेश गोंडाने, मनोज मरावी, प्रशांत राठौर, कृष्णकुमार वानखेड़े, मनोज पाल, आर. प्रतीक बघेल, रत्नेश कुशवाहा, सिध्दार्थ दुबे, विसराम धुर्वे, प्रदीप चौधरी, लोकेश सरयाम, इरफानुद्दीन खान, प्रियंका साहू, सैनिक मोहम्मद वकील की सराहनीय भूमिका रही।

# अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



गायत्री शक्तिपीठ बरघाट में आज दिनांक 25. 12 .2025 को अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बालाघाट गायत्री परिवार के प्रमुख श्रीमहेश खजांची ,श्रीमती किरण सुनेरी जिला महिला मंडल प्रमुख ,देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की सामाजिक परिवीक्षा के लिए आई छात्रा कुमारी अंशिका कश्यप, कुमारी श्रेयासिह,श्री राम सिंह राहंगडाले जिला संयोजक गायत्रीपरवार सिवनी, हेमराज बघेल प्रबंध ट्रस्टी गायत्री परिवार ट्रस्ट बरघाट द्वारा उद्बोधन दिया गया। उन्होंने बताया मनुष्य के जीवन जब विचार कलुषित,कलंकित हो जाते हैं तो व्यक्ति का पतन हो जाता है। जब विचार श्रेष्ठ हो जाते हैं।तो व्यक्ति के जीवन का उत्थान होते चला जाता है। विचारोंके उत्कृष्ट बनाना हो तो श्रेष्ठ चिंतन करना होगा। अखंड ज्योति हमारे विचारों को शक्ति देकर ऊपर उठाती है।

इस पत्रिका से जीवन मेंआने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान मिलता है।यह जीवन जीने की कला सिखाती है।

परिवार में इसकी चर्चा होने से प्यार ,सहयोग, संस्कार का वतावरण निर्मित होता है। इस पत्रिका के प्रवर्तक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने परिचय देते हुए लिखा था। संदेश नहीं मैं स्वर्ग लोक का लाई।

इस धरती को ही स्वर्ग बनाने आई। श्री चैन सिंह टेमरे द्वारा प्रज्ञा गीत एवं भगवती बिसेन द्वारा मंच संचालन किया गया ।श्री सुखराम उइके, पी.डी.परते, रूपसिंह राहंगडाले निम्माजी तुरकर, विमल राहंगडाले, रघुवीर प्रसाद चौधरी, दामूप्रसाद बोपचे एवं सैकड़ो परिजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए मुख्य मार्ग को बंद करने से क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

**जिला मुख्यालय से नागपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित जोड़ा पुल के समीप मार्ग चौड़ीकरण एवं नए पुल का निर्माण कार्य आमजन की सुविधाओं की अनदेखी करते हुए किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



ठेकेदार द्वारा बिना किसी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए मुख्य मार्ग को बंद कर दिए जाने से क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नागपुर रोड पर बने जोड़ा पुल मार्ग को अचानक बंद किए जाने से हरि दर्शन कॉलोनी, खैरीटेक सहित आसपास की कॉलोनियों के रहवासी, छात्र-छात्राएं और दोपहिया वाहन चालक खासे परेशान हैं। नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक था, लेकिन ठेकेदार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

हरि दर्शन नगर निवासी दीनानाथ दंडवते ने बताया कि दूध, गैस सिलेंडर, दवाइयों जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में भी कठिनाई आ रही है। आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए लोगों को जनता नगर होते हुए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। मुख्य सडक़ पर मिट्टी की ऊंची ढलान बना दी गई है, जो फिसलन भरी होने के कारण दुर्घटना का कारण बन सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र वैकल्पिक मार्ग नहीं खोला गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों में ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

नागरिकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों ने कम से कम दोपहिया वाहनों के लिए अस्थायी मार्ग खोलने की मांग की है, ताकि आपात स्थितियों में उसका उपयोग किया जा सके।

# बैगा पिपरिया स्कूल स्टॉफ द्वारा की गई नई पहल से खिल उठे बच्चों के चेहरे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लालजी राम मीणा जी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी के नेतृत्व में,श्रीमान एस बी बघेल जी विकास खंड अधिकारी लखनादौन के मार्गदर्शन में,एवम समस्त स्टॉफ एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैगापिपरिया के अथक प्रयास से नर्सरी से पांचवी तक के कुल 85 छात्र/छात्राओं को स्वेटर वितरण किया गया सर्दी के मौसम में बच्चों के चेहरे खिल उठे कही न कही हम सब के लिए छोटा सा प्रयास है लेकिन बच्चो के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इस स्वेटर वितरण कार्यक्रम में पूरा स्टॉफ परिवार बैगापिपरिया का सहयोग रहा।

# डूंडा सिवनी मैदान में चल रहे आक्सन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में बढ़ रहा दर्शकों का रोमांच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डीएसओपीएल 2025 वेटरन वर्ग टूर्नामेंट का धमाकेदार तीसरे दिन का मैच नगर के एमजी ग्राउंड डूंडा सिवनी में आज खेला गया जहां पहला महा मुकाबले में एमसीजी 11 और छ्रस 11 के बीच जोरदार टक्कर भरा मुकाबला रहा। एमसीजी 11 ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और बल्लेबाजी के लिए छ्रस 11 को आमंत्रित किया, पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 139 विशाल स्कोर खड़ा करते हुए विरोधी टीम को 140 रन का पहाड़ जैसा लक्ष्य दिया, शानदार बल्लेबाजी करते हुए अजय परिहार ने 19 गेंद में 48 रन ओर विनय शरणागत ताबड़तोड़ 47 रन की पारी खेली जवाब में उतरी एमसीजी 11 ने शानदार टक्कर देते हुए लक्ष्य को भेदते हुए मनीष चौरसिया की शानदार



बल्लेबाजी पर 24 गेंद में 48 रन वहीं आतिफ खान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 21 गेंद में शानदार 57 रन बनाए और अपनी टीम को एक ओवर से पहले इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच मनीष चौरसिया रहे जिन्होंने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की और शानदार गेंदबाजी की और एक विकेट भी लिए। वही दूसरा मुकाबला मुस्तफा 11 और आईकॉनिक 11 के बीच खेला गया मुस्तफा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 82 रन बनाएं और आईकॉनिक11 को 83 रन का लक्ष्य दिया वहीं आसिफ खान अरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कम स्कोर पर टीम रोका वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए आईकॉनिक 11 ने महज 6 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और इस मैच को जीत लिया आईकॉनिक 11 ने मुकाबला को 7 विकेट से जीत लिया शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिए आसिफ खान मैन ऑफ़ द मैच मिला।

## मसीही समाज द्वारा निःशुल्क दिव्यांग जन स्नेह-संबल कार्यक्रम का आयोजन

# जनप्रतिधि एवं जागरूक नागरिकों ने बताई नियम संगत बातें

**लखनादौन।** बीते दिनों दिसंबर 2025 को फ्री चर्च लखनादौन मसीही समाज के तत्वावधान में महिला समिति द्वारा दिव्यांग जनों के लिए निःशुल्क दिव्यांग जन स्नेह-संबल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम में कुल 80 दिव्यांग जनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग-जनों के साथ स्नेहपूर्ण समय व्यतीत करना,उनकी समस्याओं को समझना,उन्हें उचित परामर्श एवं सम्मान प्रदान करना तथा स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क जाँच एवं चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ उनके कानूनी अधिकारों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध



कराना है,कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांग-जनों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया तथा उनके लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई।

मिशन अस्पताल लखनादौन के डॉक्टर स्टीफेन के निःस्वार्थ सहयोग से दिव्यांग जनों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श किया गया तथा आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम में जनप्रतिधियों के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति मीना गोल्हानी , अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पुत्र आशीष गोल्हानी, श्रीकांत गोल्हानी,एडवोकेट एवं पत्रकार के रूप में मार्गदर्शन किया यशवंत गोल्हानी,एडवोकेट प्रदीप राजपूत एवं पत्रकार प्रफुल्ल सोनी सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लापता स्कूली छात्रा को कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नाबालिग बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु हरसंभव प्रयास किये जाते रहे हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लगातार दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया जा रहा है। विगत माह ऑपरेशन मुस्कान में काफी अधिक संख्या में बालक बालिकाओं की दस्तयाबी सिवनी पुलिस द्वारा की गयी थी, इसी क्रम में उल्लेखनीय है कि दिनांक 21/12/2025 को प्रार्थिया अपहृता की मां द्वारा नाबालिग बालिका उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कहीं ले जाने कि रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

उक्त प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर तत्काल अपहृता की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर अलग-अलग टीम गठित कर संभावित स्थानों पर अपहृता की तलाश पतासाजी की जाकर अपहृता को 24 घंटे के अंदर दिनांक 22/12/2025 को दस्तयाब कर बालिका की कउंसलिंग करवाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया है। नाम अपहृताः- नाबालिग बालिका उम्र 15 वर्ष। सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि. दयाराम शरणागत, उनि देवेन्द्र उइके, प्र.आर. लक्ष्मी बागडे. म. आर. मंजूलता डोंगरे की विशेष भूमिका रहीं हैं।

### कलेक्ट्रेट में महिलाओं ने किया प्रदर्शन, उन्नाव बलात्कर मामले में आरोपी कुलदीप को फांसी दो

# भाजपा पूर्व विधायक सेंगर की जमानत का विरोध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में उन्नाव रेप केस के आरोपी और भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत का विरोध किया गया। शुक्रवार शाम महिला कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर उनकी जमानत रद्द करने की मांग की।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी वाघाड़े के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कुलदीप सेंगर को फांसी देने और उनके खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे को एक ज्ञापन भी सौंपा।



लक्ष्मी वाघाड़े ने बताया कि सीबीआई कोर्ट ने नाबालिग से रेप के आरोपी कुलदीप सेंगर को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से उन्हें जमानत दिए जाने का महिला कांग्रेस विरोध कर रही है।

संगठन ने मांग की है कि कुलदीप सेंगर की जमानत तत्काल रद्द कर उन्हें वापस जेल भेजा जाए। महिला कांग्रेस नेत्री विद्या परिहार ने आरोप लगाया कि नाबालिग से रेप केस के आरोपी कुलदीप सेंगर को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार बलात्कारियों को संरक्षण दे रही है। परिहार ने चेतावनी दी कि यदि आरोपी की जमानत याचिका रद्द नहीं की गई, तो महिला कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

इस प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उषा मिश्रा, सुशीला सरोते, शानु राय, दिशा धुवारे, उर्मिला नेवारे, प्रेमवती मड़ावी, सीमासिंह उइके, दुर्गा वरकड़े सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

# रोज. सहा. संतोष जुगनाके को ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री से हटाया गया, जनपद में अटैच



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंचों व जागरुक जन द्वारा नवंबर महीने में ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में कि ए गए भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमितताएं की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा को की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद स्तरीय जांच दल गठित कर जांच करवाई गईं और प्रतिवेदन जिला पंचायत को भेज दिया था। विभागीय जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा चंदर सिंह मंडलोई के पत्र क्रमांक 4094 दिनांक 3.12.2025 के प्रतिवेदन पर कार्रवाई करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफ द्वारा दिनांक 23.12. 2025 को आदेश जारी किया गया है। जिस पर उन्होंने लेख किया है कि श्री संतोष जुगनाके ग्राम पंचायत भाण्डामुरी द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है ग्राम पंचायत स्तर पर की जा रही जांच की कार्रवाई हेतु सहयोग नहीं किया जाता संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाते, प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत को आज दिनांक तक सचिवीय प्रभार नहीं सोपा गया प्राय देखा जाता है जनपद स्तरीय समीक्षा बैठकों में उपस्थित नहीं होते, विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन कार्यों में आपकी ग्राम पंचायत की प्रगति नगन्य है लेबर नियोजन कार्य पर मस्टरोल जारी नहीं किया जा रहे हैं ना ही लेबरों की ई केवाईसी की जा रही है। पता मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल का पत्र क्रमांक 11 22 एमजीएस आर ई जी एस म.प्र./जी. आर. एस 2025 दिनांक 24 6 2025 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम मध्य प्रदेश ग्राम रोजगार सहाय मार्गदर्शी का विषयक की कंडिका 6 4 के अनुसार औपचारिक ग्राम रोजगार सहायक संतोष जुगनाके को ग्राम पंचायत भा ण्डामुर्री को शासकीय कार्य से विरक्त रखते हुए जनपद पंचायत लालबर्रा में संलग्न किया जाता है इस अवधि में ग्राम रोजगार सहायक संतोष जुगनाके को उसके निर्धारित मासिक परिश्रमिक का 50% परिश्रमिक की ही प्राप्त होगा।

### ग्राम पंचायत गर्रा में सर्वसम्मति से कराया गया निर्वाचन

# गर्रा वन समिति के अध्यक्ष बने महेश केकतीकर

### वन अधिकारियों की मौजूदगी में हुई निर्वाचन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गर्रा ग्राम पंचायत में सर्वसम्मति से गर्रा वन समिति का निर्वाचन कराया गया। जिसमें महेश केकतीकर अध्यक्ष चुने गए।

दरअसल, गर्रा वन समिति का कार्यकाल पूर्ण हो गया था। जिसके चलते निर्वाचन प्रक्रिया की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी छत्रपाल सिंह जादौन तथा भास्कर उके के निर्देशन में वनरक्षक प्रेमलता राहंगडाले की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया कराई गई। इस दौरान सरपंच वैभवसिंह बिसेन तथा सचिव विकास मेश्राम भी मौजूद रहे। प्रक्रिया के तहत ग्रामीण जनता की मौजूदगी में वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व पंच संजय गणेश बिसेन और वरिष्ठ पंच जुबैदा सलीम शाह ने अध्यक्ष के लिए महेश केकतीकर का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे सभी ग्रामीणों ने ग्राम सभा में सर्व सहमति से पारित किया। इसी तरह दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मोनू भगत और समाजसेवी लक्ष्मी बिसेन ने, 2015 से वन समिति की उपाध्यक्ष पुष्पा मिश्रा का पुनः नाम वन समिति उपाध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया गया जिसे भी संपूर्ण ग्राम सभा द्वारा पारित किया गया।



आपको बताते चले कि वन समिति अध्यक्ष निर्वाचित हुए महेश केकतीकर, ग्राम पंचायत गर्रा के वार्ड नंबर 16 से लगातार 1994 से वार्ड पंच के साथ ही सर्ववर्गीय कलार समाज के ग्रामीण अध्यक्ष भी हैं। इसके साथ ही वन समिति के सदस्यों का निर्वाचन कराया गया। जिसमें ग्रामीणों की सहमति से लक्ष्मी बिसेन, श्यामवती कुशराम, शकुंतला कुड़ापे, निर्मला सहारे, शीतल मात्रे, यशवंती जमरे, संतोषी पंचेश्वर, सुरेश बिसेन, उमेश बारेकर, रजनीश जयराम ठाकरे, अनिल यादव, गंगादास बारेकर, रजत यादव, शेख वाहिद खान को सदस्य निर्वाचित किया गया है। वन समिति के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को ग्राम पंचायत गर्रा सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने बधाई देते हुए वन समिति के माध्यम से विकास कार्य और वनों को सुरक्षित रखने की अपेक्षा की।

## समनापुर में दो दिवसीय मंडई का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया

**उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत उकवा क्षेत्र में लगातार मंडई मेले का दौर शुरू है जिसका लुप्त क्षेत्र की जनता हर साल की तरह इस साल भी भरपूर पूरे उत्साह से उठा रही है । बुधवार के दिन भरने वाली दो दिवसीय समनापुर मंडई जिसमें आसपास के ग्रामों से हजारों की संख्या में लोग घूमने आते हैं जिसे समनापुर मंडई के नाम से जाना जाता है जिसमें मंडई समिति ग्राम पंचायत एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का भरपूर सहयोग मिलता है मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच श्री मनोज उईके उप सरपंच श्री लोकेश शरणागत एवं ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिक विवेकानंद तिवारी देवराज कुर्वेति ग्राम सभा अध्यक्ष शिवप्रसाद फूंदने राजेंद्र वडकडे सुरेश बोम्प्रे सहायक सचिव बेनीराम बिजली नरेंद्र मरावी सी एल वैध अनुज चौकसे कांग्रेस मंडल अध्यक्ष दीपक फुंदने गोलू सेंद्रेआदि की उपस्थिति में पारंपरिक ग्वारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसमें प्रथम पुरस्कार द्वितीय पुरस्कार एवं तृतीय स्थान पाने वाली गोवरी नृत्य मंडली को ग्राम पंचायत की ओर से सांत्वना राशि प्रदान की गई ।

# नल-जल योजना की जल धारा से बदली बिठली की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के विकासखंड लालबर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत औल्याकन्हार का छोटा-सा ग्राम बिठली कभी पानी की समस्या से जूझता हुआ गांव था। जिला मुख्यालय से लगभग 28 किलोमीटर दूर बसे इस गांव की आबादी लगभग 1266 है, जहाँ अधिकांश लोग कृषि और मजदूरी पर निर्भर हैं।

कुछ वर्ष पूर्व तक यहां के ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल केवल एक सपना था। गांव के लोग पीने के पानी के लिए कुओं, हैंडपंपों और तालाबों पर निर्भर थे। गर्मियों में पानी की भारी किल्लत हो जाती थी। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, जिसमें उनका काफी समय और श्रम व्यर्थ हो जाता था। कई बार दूषित पानी के कारण ग्रामीणों को बीमारियों का भी सामना करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी और महिलाओं का अधिकांश समय केवल पानी की व्यवस्था में ही निकल जाता था।



लेकिन आज ग्राम बिठली की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में हर घर नल से जल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अब प्रत्येक घर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है। इससे न केवल ग्रामीणों का स्वास्थ्य सुधरा है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में भी बड़ा बदलाव आया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें समय पर पानी मिल जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दिया जा पा रहा है और महिलाएं भी अन्य घरेलू व आजीविका से जुड़े कार्य कर पा रही हैं। गांव को "हर घर जल" के रूप में सफलतापूर्वक प्रमाणित किया जा चुका है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

आज ग्राम बिठली जल संकट से मुक्त होकर एक आदर्श ग्राम के रूप में उभर रहा है। यहां के निवासी इस परिवर्तन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डा मोहन यादव एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। जल जीवन मिशन ने बिठली में न सिर्फ पानी पहुंचाया, बल्कि खुशहाली, स्वास्थ्य और विकास की नई धारा भी बहा दी है।

# सालेबर्डी में किसानो की समस्याओ को लेकर किसान संगठन ने किया धरना-प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



क्षेत्र के ग्राम सालेबर्डी में 24 दिसंबर बुधवार को किसानो की समस्याओ को लेकर किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के नेतृत्व में संगठन व किसानो के द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया एंव आठ सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा ग। इस दौरान किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारीयो एंव कृषको के द्वारा सालेबर्डी बाजार में सभा आयोजित की और प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कृषको की समस्याओ से अवगत कराया गया। इस दौरान किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे ने कृषको के हित में अनेक बाते रखी और कृषको की समस्याओ को बताया। उन्होंनें बताया की कृषको की आर्थिक तरक्की और आय को दुगना करने के लिए फसलो के दाम में बढौतरी होनी चाहिए जिससे किसानो का आर्थिक विकास हो सके । समाजसेवी भारत सिंह शिवहरे ने कृषको की समस्याओ के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा की कृषको को खेतो में फसलो की सिंचाई के लिए बिजली पानी प्रार्याप्त रूप से मिलना चाहिए ताकि पैदावार में बढौतरी हो। और धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि हो जिससे कृषक खुशहाल और समृद्ध बन सके।यह है प्रमुख मांगे।ज्ञापन के माध्यम से कृषको की समस्याओ को अवगत कराते हुए यह प्रमुख मांगें बतायी गई ।किसानो को रबी फसल के लिए राजीव सागर बांध से निरंतर पानी की व्यवस्था की जाए। किसानो को नहर में सिंचाई के लिए नियमित मोटर कनेक्शन प्रदान किया जावे। सरकार अपने चुनावी वादे के मुताबिक धान समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल खरीदे ।किसानो की दशा सुधार हेतू किसानो को 20 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जाए। खरीफ सत्र 2025-26 की फसल बर्बादी को ध्यान में रखते हुए खरीफ ऋण माफ किया जाए सहित अन्य मांगे रखी गई। जो ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया।इस दौरान किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक लिल्हारे , जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, धुरन नागपुरे, भारत सिंह शिवहरे, अजाब सिंह कृपगऐ, योगेश सुलाखिया ,भीम प्रकाश बोरकर एंव संगठन के अन्य पदाधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे।

# बैहर विधायक की मौजूदगी में क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज बैहर ।

25 अक्टूबर को ग्राम मंडई में स्टार 11 क्रिकेट क्लब मंडई द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और खेल भावना के साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2025 को संपन्न हुआ।समापन अवसर पर जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट और क्षेत्र के लाडले विधायक संजय उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।ग्रामवासियों और क्रिकेटप्रेमियों के द्वारा समापन अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि संजय उइके के द्वारा फायनल मैच मंडई वर्सेस मुडघुसरी के कप्तानों के बीच टॉस करवाया गया।इस अवसर पर विधायक संजय उइके ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन,टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर भी बल दिया।उनके द्वारा खेल को बढ़ावा देते हुए आगामी वर्ष के फायनल मैच में विजेता टीम की राशि प्रथम पुरस्कार को 51000रु से बढ़ाकर 1 लाख रु करने की बात भी कही गई।प्रथम पुरस्कार की राशि में बढ़ोत्तरी को सुनकर सभी ग्रामवासियों और खेलप्रेमी गदगद हो गए।सभी के द्वारा विधायक को धन्यवाद दिया गया।विधायक के द्वारा स्टार 11 क्रिकेट क्लब मंडई के सभी खिलाड़ियों और बंटी शर्मा,प्यारें मेहर के साथ ही आयोजन टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।उनके द्वारा लाजवाब मैदान तैयार कर सफल आयोजन कराया गया।इस प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की 32 टीमों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।फायनल मैच स्टार 11 क्रिकेट क्लब मंडई और चंदू 11 मुडघुसरी के बीच हुआ।स्टार 11 क्रिकेट क्लब मंडई ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 85 रन ही बना सकी।मुडघुसरी के टीम को मैच जीतने के लिए 86 रन का लक्ष्य मिला।रोमांचक मैच में जिसे मुडघुसरी की टीम ने 8.4 ओवर में ही मैच और प्रथम पुरस्कार को अपने नाम कर ली।फायनल मैच में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए जिलाध्यक्ष एवं विधायक विधान सभा बैहर संजय उइके के साथ जनपद पंचायत बिरसा की अध्यक्ष सविता धुर्वे,उपाध्यक्ष हेमंत साहू,सरपंच ग्राम पंचायत मंडई परमानंद पंद्रे,सरपंच जैरासी मुंगेल धुर्वे,सरपंच हर्राभाट लक्ष्मी धुर्वे,सरपंच देवगांव(म)चंद्रकला केराम, सरपंच छपला खूमनसिंह धुर्वे,सरपंच डोंगरिया,मालती रामसिंह धुर्वे,सरपंच गोवारी रखीला मेरावी,सरपंच बाकीगुड़ा झामसिंह टेकाम,पार्षद अब्दुल शोहेल,आदिवासी कांग्रेस प्रवक्ता द्रोपकिशोर मेरावी,ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बिरसा नीलकंठ राहंगडाले,उपसरपंच ग्राम पंचायत मंडई मंगलू निषाद एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मंडई,ललित खान,झामसिंह मरकाम,भूपेंद्र टेंभरे,अकबर,कर्नल सदन बघेल,केशवदास मानिकपुरी,मैतराम अगारे,शंकरलाल टेंभरे,शंकर ठाकरे,मर्सकोले,कपूरचंद ठाकरे सहित सभी खेलप्रेमी,खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रदर्शन किया गया।



## खरीदी केंद्रो से 81 प्रतिशत धान का हुआ परिवहन

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसम्बर 2025 से की जा रही है, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। चालू सीजन में जिले में 26 दिसम्बर की शाम तक 72 हजार 982 किसानों से 837 करोड़ 25 लाख 52 हजार 966 रुपए की 35 लाख 34 हजार 212 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों से खरीदे गए धान का तेजी से उठाव कर गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 81 प्रतिशत से अधिक धान का परिवहन किया जा चुका है। किसानों को 319 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि जिले में 185 धान खरीदी केंद्रो पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है।

### बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

# 12 नग सागौन लट्ठे के साथ पिक-अप जब्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी के मामले में वन विभाग कटंगी की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर जाल बिछाकर एक आरोपी को पकड़ने में सफलता अर्जित की है जबकि अन्य 5 आरोपी अब भी फरार है। जिनकी वन विभाग तलाश कर रहा है। पकड़े आरोपी के पास से एक पिक-अप वाहन और उसमें रखे 12 नग सागौन के लट्ठे बरामद किए गए है। जब्त पिक-अप वाहन की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए और सागौन की कीमत करीब 90 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी राजेश पिता महेश वड़ीचार उम्र 36 वर्ष निवासी महकेपार के खिलाफ वन अपराध दर्ज कर आरोपी को व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को मुचलके पर छोड़ा है। वन विभाग ने वाहन के राजसात की कार्रवाई के दस्तावेज न्यायालय में पेश किए है।

प्राप्त जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र कटंगी के सीतापठोर वृत्त की परिक्षेत्र सहायक शशीकला चन्द्रवेल को मुखबिर से सागौन की अवैध तस्करी की सूचना मिली। जिसके बाद उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपियों को पकडने के लिए जाल बिछाया। गुरूवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे के आस-पास कोयलारी बीट के भाग-2 के कक्ष क्रमांक 788 में पिक-अप वाहन क्रमांक एम 40 सीएम 3729 को पकड़ा गया। जिसमें बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन थी। आरोपी ने बताया कि वह महाराष्ट्र जा रहे थे। हालांकि पकड़े गए आरोपी ने अपने साथियों के नाम उजागर नहीं किए है। वन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन और उपमंडल अधिकारी बी.आर.सिरसाम के निर्देशन और वन मंडल अधिकारी बी.एल.चढ़ार के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक श्रीमती शशीकला चंद्रवेल, वन रक्षक हरिप्रसाद टेकाम, गणेश शंकर नगरधने, नीतेश चंदने ने कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### डबलमनी की तरह कॉलोनाईजर कर रहे है चैकों का दुरूपयोग

# अवैध कालोनियों का हब बना बालाघाट, कैसे रोकेगी सरकार ?

### पूर्व विधायक किशोर समरीते ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।



संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने म.प्र. शासन के अवैध कॉलोनियों को संरक्षण नहीं देने के निर्देश के विपरीत म.प्र. के प्रमुख सचिव आवास एवं पर्यावरण म.प्र. शासन संचालक ग्राम तथा नगर निवेश म.प्र. शासन बालाघाट जिले में एसडीएम बालाघाट एवं एसडीएम वारासिवनी को तत्काल निलंबित करने की मांग को लेकर मुख्य सचिव म.प्र. शासन को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। श्री समरीते ने बताया की म.प्र. शासन के अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर पूर्णतः प्रतिबंध के बावजूद म.प्र. शासन के प्रमुख सचिव आवास एवं पर्यावरण म.प्र. शासन संचालक ग्राम तथा नगर निवेश म.प्र. शासन तथा बालाघाट जिले के एसडीएम बालाघाट, एसडीएम वारासिवनी, एसडीएम कटंगी एवं एसडीएम बैहर द्वारा 10 हजार से अधिक भूमि का डायवर्सन कर नियम विरूद्ध प्लाटिंग करवा कर 10 हजार से अधिक रजिस्ट्रीयाँ कर दी। रजिस्ट्री में लगाये गये चेकों को बैंको से क्लीयर नहीं किया तथा 5 हजार करोड के कालेधन का उपयोग इन कालोनियों में किया गया। कमीशन की राशि कालोनाइजर द्वारा सभी अधिकारियों को दी गई। इस मामले में पटवारी को सभी पटवारी गर्रा पटवारी, वारासिवनी पटवारी, कटंगी पटवारी, भरवेली पटवारी, बैहर पटवारी, पटवारी बघोली, अखलाझरी पटवारी, भटेरा पटवारी, पटवारी बालाघाट तथा पटवारी चांगोटोला द्वारा कलेक्टर बालाघाट को अवैध कॉलोनियों के निर्माण की सूचना नहीं दी गई। इन अवैध कॉलोनियों में ग्राम पंचायत पांढरवानी के लालबर्रा में शीतल विहार कालोनी में नियम विरुद्ध प्लाटिंग कर बिक्री कर 600 करोड़ रूपये कालोनाइजर्स द्वारा सिर्फ प्लाटों की रजिस्ट्री कर दी तथा शीतल वाटिका में वाटर हारवेस्टिंग का बिना प्लान किये प्लाटो की रजिस्ट्री 700 करोड में की जिसमें सरकार से आयकर छिपाया गया। यह मामाला बालाघाट जिले में अवैध कॉलोनियों एवं कालेधन से जुड़ा है तथा म.प्र. शासन को इस मामले में 200 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी की हानि हुई है। इसी तरह उत्कर्ष कॉलोनी वारासिवनी की भी जांच नहीं की गई इसमें 500 करोड व्यय हुआ है। अतः इस मामले की जांच करवाने का कष्ट करें। श्री समरीते ने अपने शिकायत की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव राजस्व विभाग म.प्र. शासन, प्रमुख सचिव आवास एवं पर्यावरण म.प्र. शासन, महानिरीक्षक पंजीयन एवं स्टांप म.प्र. शासन भोपाल, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त भोपाल, पुलिस महानिरीक्षक लोकायुक्त पुलिस भोपाल, पुलिस महानिदेशक एसटीएफ भोपाल को भेजी है।